## संक्षिप्त ख़बरें

### हफ्तेभर से टूटा बिजली का पोल , ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**दुर्गागंज।** अभोली ब्लाक के दशवतपुर गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हफ्तेभर से बिजली का तार टूटा हुआ है और शिकायत के बाद भी विद्युत कर्मी टूटे हुए तार को नहीं जोड़ रहे हैं। भीषण गर्मी में एक हफ्ते से बिजली ना मिलने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के माध्यम से टूटे हुए विद्युत पोल और विद्युत तार को जोड़कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल चंद्रशेखर यादव ने बताया कि पिछले हफ्ते आई आंधी-बारिश से दशवतपुर गांव में वहिदा-मतेथू रोड के किनारे मौजूद बिजली पोल टूट गया था और बिजली पोल टूटने से बिजली का तार भी टूटकर जमीन पर पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार सूचना दिया गया है मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है । ग्रामीणों ने प्रर्दशन करके टूटे हुए बिजली पोल को बदलवाकर बिजली बहाल कराये जाने की माँग की है । प्रर्दशन करने वालो में लक्ष्मीनारायण यादव , चंद्रशेखर यादव , राजेश विश्वकर्मा , गुलाब कन्नौजिया , निशा कन्नौजिया आदि शामिल थे ।

### पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

**मीरजापुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा सर्वप्रथम सलामी में लगी गार्द का मान-प्रणाम ग्रहण कर सलामी गार्द का निरीक्षण किया गया । पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान कार्यालय, परिसर, बैरक आदि का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई इत्यादि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कार्यालय/शाखाओं के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहनता से अवलोकन करते हुए अभिलेखों के अद्यावधिक रखने एवं उचित रखरखाव के निर्देश दिए गये । परिसर में स्थित वाहनों आदि का निरीक्षण कर उचित रख-रखाव हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश ।

उक्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी आपरेशन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

### सड़क दुर्घटना में घायल से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव, आर्थिक तंगी को लेकर किया सहयोग



**बरही** बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत बरसोत निवासी महेंद्र रविदास का पिछले दिनों एक सडक दुर्घटना में पैर टूट जाने से उनकी आर्थिक हालत काफी खराब हो जाने से वह काफी परेशान थे। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव महेंद्र रविदास के घर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना और बेहतर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भरोसा देते हुए आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि बरही के लोगों ने उन्हें जो सम्मान और प्यार दिया है उसका वह आभारी है। लोगों के सुख दुख का साथी बनना और क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता निभाना उनका दायित्व है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बासुदेव साव, रमेश चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, अजय कुमार रामराज, कैला रविदास, मुकेश बक्शी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आज दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस "व्यापारी कल्याण दिवस" के रूप में 11बजे कलेक्टेऊट एवं समस्त तहसील सभागार में होगा आयोजित

● दानवीर भामााह/व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम में जनपद के समस्त व्यापार मण्डल पदाधिकारीगण, व्यापारी, उद्यमी, निवेशक कलेक्टेऊट व तहसील सभागार में सादर आमंत्रित

अभिलेख प्रदर्शनी, व्यक्तित्व व कृतित्व आधारित संगोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवनी पर डाला जायेगा प्रकाश

29 जून को जनपदीय कार्यक्रम कलेक्टेऊट में एवं तीनो तहसील सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में आयोजित होगा दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :**-प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस 29 जून को ''व्यापारी कल्याण दिवस'' के रूप में मनाये जाने की तैयारियों के क्रम में जनपदीय कार्यक्रम कलेक्टेऊट सभागार एवं तहसील स्तरीय कार्यक्रम समस्त तहसील सभागार में 11 बजे क्रियान्वयन के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गयी है। जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा कलेक्टेऊट सभागार सहित तीनों तहसीलों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण एवं व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशको को व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया जाता है।

आयोजक/नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त व्यापारकर पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वय से 29 जून को 11 बजे जनपदीय कार्यक्रम कलेक्टेऊट सभागार व समस्त तहसीलों के सभागार में तहसील स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद के समस्त व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व गणमान्य, व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशको की उपस्थिति में दिव्यता व भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने सभी विभागीय अधिकारियों को उनके कार्य आवंटन को सौपते हुए बताया कि सूचना विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह के अभिलेख व चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी के माध्यम से उनके जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में जनपद के स्कूल कालेजों में दानवीर भामाशाह पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबन्ध, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। राज कर विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला विकास अधिकारी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी व अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा उद्यमियों, व्यवसायिओं व स्वयं सहायता समूहों द्वारा ओडीओपी का स्टॉल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार व विक्रय का कार्य किया जायेगा। जनपद में सर्वाधिक पूॅजी निवेश करने वाले उद्यमियों व सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

29 जून व्यापारी कल्याण दिवस पर जनपद में व्यापारी अपने प्रतिष्ठान, फर्म, कम्पनी पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाते हुए यथासम्भव मिष्ठान, शर्बत, फल आदि का वितरण करें। उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण व अन्य व्यापारी दानवीर भामाशाह जयन्ती, ''व्यापारी कल्याण दिवस'' विषयक होर्डिग्स व बैनर का प्रारूप की पीडीएफ साफ्ट कॉपी जीएसटी कर विभाग, सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी, जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में विषयक विशषज्ञ इम्पैनलमेन्ट व पर्यवेक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

● 01 जुलाई से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का नवीन शैक्षणिक सत्र का होगा शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :**-मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग केन्द्र केएनपीजी ज्ञानपुर व राजकीय आश्रम पद्धति रया भदोही में शैक्षिक वर्ष-2024-25 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों हेतु गत वर्ष चयन समिति की अनुसंशा से परीक्षण व्याख्यान एवं ट्रॉयल लेक्चर के उपरान्त इम्पैनल्ड विषय विशेषज्ञों एवं अतिथि प्रवक्ताओं को नवीनीकरण कर इम्पैनल्ड किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में विषयक विशषज्ञ इम्पैनल्डमेन्ट व पर्यवेक्षण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 एश्वर्य राज लक्ष्मी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को समान अवसर प्रदान करने वाले एवं विभिन्न सेवाओं के चयन उ0प्र0 का प्रतिनिधित्व बढ़ाने से संचालित किया जा रहा है। जिसमें आईएएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, जेईई, नीट, की कक्षाओं का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के 63 विषयक विशषज्ञों में से उनके टीचिंग मेथर्ड व छात्रों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर सम्यक विचारोंपरान्त समिति द्वारा 51 का नवीनीकरण किया गया। इस वर्ष प्राप्त विषय विशेषज्ञों के नये आवेदनों का जल्द ही समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा।

नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग पंकज पटेल व कोर्स कॉडिनेटर संतोष कुमार चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल नीट क्लास में विगत वर्ष पढ़ने वाले दो छात्रों-संदीप यादव, दिव्य जायसवाल, का चयन एमबीबीएस में एवं एक छात्रा नंदिता तिवारी का चयन बीएससी नर्सिग कोर्स में हुआ है। शेष अन्य छात्रों का भी परीक्षा परिणाम सुखद प्राप्त हो रहा है। 01 जुलाई से दोनों केन्द्रो पर नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ जनपद के अधिकारियों द्वारा मोटिवेशन स्पीच के साथ शुरूआत किया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने नवसंचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय चकगुमानी, बीररमपुर, भदोही में कक्षा-06, 07 एवं 08 हेतु शासन द्वारा अध्यापकों की नियुक्ति विषय विशेषज्ञों को इम्पैनल्ड किये जाने हेतु जोर दिया गया। उन्होंने केएनपीजी प्राचार्य प्रो0 रमेशचन्द्र यादव को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कोचिंग केन्द्र में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य हेतु मॉनीटरिंग किये जाने हेतु एक प्रोफेसर को नामित करें।

बैठक में नामित सदस्य जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, प्रधानाचार्य जीआईसी, क्षेत्राधिकारी कार्यालय प्रथम, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग पंकज पटेल, कोर्स कॉडिनेटर संतोष कुमार चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत भदोही पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

● समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो आदि पर की जा रही चेकिंग

महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक





स्वतंत्र प्रभात

शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई। बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही सभी बालिकाओं/महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा आसपास बेवजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नि0यमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

## शातिर बाइक चोर पकड़ा

**अलीगढ़।** थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम ने बाइक चोर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर चोरी के मुकद्में में वांछित आरोपी रोहित पुत्र राकेश निवासी ग्राम महुआखेड़ा थाना महुआखेड़ा को चोरी की मोटरसाइकिल सहित याकूतपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान "के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग

● महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान" के तहत आज दिनांक:28.06.2024 को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" के निर्देशन में शक्ति दीदी ( महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क ) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत जनपद की एन्टीरोमियो, महिला बीट आरक्षी पुलिस टीम द्वारा रोडवेज, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों तथा गांवों में पहुंचकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी । सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076– मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूक किया गया ।

## सपा के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बनकट, ग्राम प्रधान के पिता को दी श्रद्धांजलि।

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** कोईरौना क्षेत्र के बनकट-झरिहगपुर में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बनकट के ग्राम प्रधान यशवंत सिंह यादव के निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने तथा श्रद्धांजलि देने पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष के भदोही के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव समेत तमाम समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे।

बनकट के ग्राम प्रधान यशवंत यादव के आवास पर झरिहगपुर पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने ग्राम प्रधान के पिता स्व जोखन प्रसाद यादव के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके कार्यो को याद किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यशवंत यादव जी के स्व पिताजी हमेशा समाजवाद के पोषक रहे और अपने पुरे जीवन काल में समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। कहा कि उन्होने समाज के लिए अपना सम्पूर्ण दान करके परिवार को एक नई पहचान और संस्कार दिये। उनके ही संस्कार और कार्यो से परिवार नित नई ऊंचाई छू रहा है।

इस मौके पर ग्राम प्रधान यशवंत यादव ने भी अपने पिताजी को याद करते हुए बताया कि पिताजी बड़े ही दयालू और सहृदय थे वे हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। बताया कि उनके पिताजी का जन्म 1929 में हुआ और कम उम्र में ही वह काम के लिए आसनसोल चले गये जहां पर ट्रांसपोर्ट का काम किया। यशवंत यादव ने बताया कि उनके पिताजी आजादी के पहले दो वर्ष आसनसोल जेल में भी रहे। 2017 में आसनसोल की सारी सम्पत्ति दूसरे को देकर गांव आ गये और गांव में भी सामाजिक कार्यो में आगे रहते थे। यशवंत यादव ने कहा कि उनका निधन 17 जून को होने से परिवार का मुखिया खो दिया। पिता के निधन से पूरा परिवार दुखी है। इस मौके पर प्रदीप यादव, ललित सिंह यादव, राम शिरोमणि यादव, यशवंत सिंह यादव, रामसागर यादव, शुरेश मौर्या, राजेश दूबे, बाबाराम यादव, सुनील पाल, अशोक माली, जयनाथ यादव समेत भारी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## बिजली के में तैनात जेई और स्टाफ की अवैध वसूली से परेशान लोग

●मुख्य अभियंता और एसई का किया दर्जनों महिला पुरूषों ने घेराव,दोनों अधिकारियों ने दिया पीड़ितो का हरसम्भव कार्यवाही करने का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** एक ओर अघोषित बिजली कटौती से पूरे जिले में हाहाकार मचा हुआ है वहीं दूसरी ओर बिजली चोरी पर अंकुश लगाने हेतु चेकिंग टीम मॉर्निंग रेड कर रही है। लेकिन ज्यादातर मामलों में अवैध वसूली, विवाद और मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रहीं है। बिजली विभाग में चोरी रोकने के लिए काफी समय से चेकिंग अभियान चला रहा है लेकिन अब सुबह होने वाली चेकिंग के नाम पर वसूली और समझौता संबंधी शिकायतों ज्यादा हो रही है । बताया जाता है विभागीय चेकिंग टीम अमुक स्थानों पर पहले वीडियो तैयार करता है इसके बाद संबंधित से नापतोल शुरू हो जाती है । ज्यादातर मामले में समझौता ही हो जाता है ,जब ज्यादा रकम मांगी जाती है। तभी कोई विवाद होता है। इससे मामला पुलिस तक पहुंच जाता है। ऐसा ही अजीबो गरीब मामला कोतवाली क्षेत्र के भुजपुरा बिजली घर का प्रकाश में आ रहा है जिसमें बिजली घर के स्टाफ की अवैध वसूली से स्थानीय लोग परेशान है। भुजपुरा के लोगों में रहीला बेगम, हसीना बेगम, राबिया बेगम, मीना, जैतून बेगम, जाहिद, अफजाल, सलमान, शम्मा, शहजाद, आरिफ, जुनैद, शाकिर, अरीबा, बबलू, सत्तार, जब्बार, नफीस, लल्ला उर्फ फिरोज, शोहेब मलिक, आदि एकत्रित होकर मुख्य अभियंता विद्युत निगम से मिले जहां से सभी लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुये एसई पी.के, मौंगा के कार्यालय भेजा दिया जहां अधीक्षण अभियंता ने लोगों के शिकायतों को ध्यान से सुना और दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का आश्वासन दिया। जेई और अन्य स्टाफ से परेशान होकर भुजपुरा के रहने वाले अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल खालिक निवासी भूप सिंह मंदिर मुल्ला पाड़ा विकलांग व्यक्ति है। भुजपुरा विद्युत उपकेंद्र जे0 प्रशांत आर्या अपने अधीनस्थ संविदा कर्मी शिवकुमार, मुकेश यादव समेत अन्य कर्मचारी के साथ स्थित भूप सिं मंदिर वाली गली में बिजली चैकिंग कर छह घरों में बिजली चोरी पकड़ी, इस दौरान सभी उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए, परंतु शिकायतकर्ता के दो किलो बाट घरेलू अब्दुल मलिक के नाम से. मकान पर लगा हुआ है। बिना बिजली चोरी के बिजली कनेक्शन काट दिया। तथा पीड़ित विकर व्यक्ति ने जे0ई साहब से कनेक्शन काटने की जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा आपके कनेक्शन पर चोरी पाई है पीड़िता ने वीडियो दिखाने को कहा तो मना कर दिया। उसी दिन अनिल तोमर ने फोन कर सासनी गेट डिवीजन बुलाया और कहा तीस हजार रुपए दे दो। नहीं तो आपकी बिजली चोरी की रिपोर्ट कर कराई जाएगी जिसमें 60 हजार रुपए का जुर्माना जमा करना पड़ेगा। यह सुन कर वह कुछ देर के लिए सदमे में पड़ गया। उसने इधर उधर से दस हजार रूपए ठाकुर अनिल तोमर को देकर बिजली चोरी की रिपोर्ट खत्म करा ज्ञात रहे कि अनिल तोमर को इस बिजली उपकेंद्र पर लगभग 8 साल हो गए है। आज तक इस कर्मचारी का ट्रांसफर क्यों नहीं किया गया। यह कर्मचारी न्यू कनेक्शन की सर्वे रिपोर्ट के नाम पर अवैध रूप से पांच सौ रुपए लेता है।

## बसपा नेता महेश व संदीप अनुशासनहीनता में पार्टी से निष्कासित

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** बसपा के अलीगढ़ मंडल के पूर्व प्रभारी महेश चौधरी और शहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी संदीप पाटिल को अनुशासनहीनता के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।अलीगढ़ मंडल के प्रभारी रणवीर सिंह कश्यप को यहां से हटाकर बरेली मंडल का प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्रा ने बताया कि निष्कासित कार्यकर्ताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के बारे में कई बार चेतावनी भी दी जा चुकी थी, लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही मंडल के प्रभारी रणवीर सिंह कश्यप को यहां से हटाकर बरेली मंडल का प्रभारी बनाया गया है। बृहस्पतिवार को पार्टी शिविर कार्यालय में हुई मंडल स्तरीय बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रतन दीप सिंह और संदीप पाटिल व महेश चौधरी के बीच वाद-विवाद हो गया था। रतन दीप सिंह ने बसपा प्रमुख मायावती से शिकायत कर उन्हें पूरी घटना बताई। उन्होंने कहा कि बसपा प्रमुख ने जिलाध्यक्ष से घटना की जांच कराई, जिसमें महेश चौधरी और संदीप पाटिल की अनुशासनहीनता पाई गई। बता दें कि 11 मार्च 2021 को तत्कालीन बसपा जिलाध्यक्ष रतन दीप सिंह के आवास पर बने कार्यालय में तोड़फोड़ हुई थी, जिसका वीडियो भी प्रसारित हुआ था। इस घटना में अभय कश्यप, संदीप पाटिल आदि लोगों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हुई थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर विकास खण्ड मझवा मीरजापुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम जलालपुर विकास खण्ड मझवा, मीरजापुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 -25 में मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आदि कार्यो पर सामग्री आपूर्ति संबंधी आदि की आपूर्ति कार्यस्थल तक पहुंचाने हेतु आमंत्रित की जाती है कार्य जो निम्नवत

1- पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालपुर पर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य

मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु जैसे बालू ,गिट्टी ,छड़ ,सीमेंट, ईट आदी की आपूर्ति कार्यालय स्थल तक पहुंचाने हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29 -6-2024 से 2-6-2024 तक अपनी उक्त सामग्री एवं दरें वार्षिक बंद लिफाफे में अपने टेंडर फॉर्म भरकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।निविदा खोलने की तिथि दिनांक 3- 6-2024 को सुबह 2:00 बजे पंचायत भवन कार्यालय पर निर्धारित की गई है।

**नियम व शर्तें** - आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में राजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर दाता होना चाहिए।जिसकी प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। कार्यालय पंचायत भवन पर दोपहर 2:00 बजे निविदा खोली जाएगी। जिसमें सभी निविदा दाताओ की उपस्थिति वांछित है। निविदा दाताओं की अनुपस्थिति में दिनांक 3-6-2024 को सुबह 2:00 बजे निविदा खोल दी जाएगी।

**ग्राम प्रधान मँगरू**
**ग्राम पंचायत जलालपुर**
**वि0ख0 मझवा**

**अजय कुमार यादव**
**ग्राम पंचायत सचिव जलालपुर**
**वि0ख0 मझवा**